आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष दो हजार उनतीस तक भारत को नशामुक्त बनाने के लिए अगले तीन वर्षों की रूपरेखा जारी की है।
- नागरिक आपूर्ति विभाग ने आलू की कमी और इसकी खुदरा कीमतों में हुई वृद्धि के मद्देनजर प्रमुख सब्जी बाजारों का निरीक्षण किया।
- शिक्षक दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह से जे. प्रकाश राव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने लोगों से 'टीबी मुक्त भारत ऐप' डाउनलोड कर निक्षय मित्र बनने की अपील की।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष दो हजार उनतीस तक भारत को नशामुक्त बनाने के लिए अगले तीन वर्षों की रूपरेखा जारी की है। उन्होंने मादक पदार्थों के खिलाफ देशव्यापी समन्वित अभियान चलाने का आह्वान किया। गोवा में गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार उन्नीस से सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई, खुफिया जानकारी साझा करने, वित्तीय जांच और पुनर्वास के उपायों को मजबूत किया है। श्री शाह ने कहा कि यह रूपरेखा चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। इनमें खुफिया जानकारी और अभियान आधारित कार्रवाई, नशीले पदार्थों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले रसायनों और सिंथेटिक ड्रग्स पर नियंत्रण, नशे की मांग और उससे होने वाले नुकसान को कम करना तथा क्षमता निर्माण और आपसी समन्वय शामिल हैं। इस अभियान के अंतर्गत पचास करोड़ लोगों तक पहुंच बनाई जाएगी और एक लाख 'नशा मुक्त मित्र' तैयार किए जाएंगे। साथ ही देश में नशामुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ाकर एक हजार सात सौ इक्यावन की जाएगी।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले निदेशालय ने हाल ही में आलू की कमी और इसकी खुदरा कीमतों में हुई वृद्धि के मद्देनजर रत्नम मार्केट, मोहनपुरा मार्केट और हैडो मार्केट जैसे प्रमुख सब्जी बाजारों का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख थोक विक्रेताओं के पास या कोल्ड स्टोरेज में कोई स्टॉक नहीं पाया गया। एम.वी. टीसीआई लक्ष्मी लगभग 7 मीट्रिक टन आलू लेकर श्री विजय पुरम पहुंच चुका है। इसके अलावा, अन्य खेप के ग्यारह सितंबर तक पहुंचने की संभावना है। खुदरा और थोक विक्रेताओं को चेतावनी दी गई है कि कालाबाजारी और मुनाफाखोरी के लिए आवश्यक वस्तु का अवैध भंडारण करना आवश्यक वस्तु अधिनियम, उन्नीस सौ पचपन और कालाबाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय बनाए रखना अधिनियम, उन्नीस सौ अस्सी के तहत दंडनीय अपराध है। विभाग ने आम जनता से घबराहट में खरीदारी न करने का अनुरोध किया है। बाजारों का निरीक्षण जारी है। अत्यधिक दाम वसूलने, जमाखोरी या अनुपलब्धता से संबंधित शिकायतें नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय में दर्ज कराई जा सकती है।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने मीडिया की उन अटकलों और गलत सूचनाओं पर स्पष्टीकरण जारी किया है, जिनमें इसरो के निजीकरण या उसकी भूमिका कम करने के प्रयासों की बात कही गई है। इसरो ने कहा कि न तो उसका निजीकरण और न ही उसका महत्व कम किया जाएगा। अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी का उद्देश्य अंतरिक्ष कार्यक्रम को सक्षम बनाना है। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों का उद्देश्य एक व्यापक, मजबूत और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारतीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। इसलिए, इन सुधारों को निजीकरण के बजाय पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार और क्षमता वृद्धि के रूप में देखा जाना चाहिए।

<><><><><><><>

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में अड़तालीस स्कूली शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' से सम्मानित किया।

शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, एक कठोर, पारदर्शी और ऑनलाइन चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करने के लिए हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय स्तर का समारोह आयोजित करता है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश के कुछ बेहतरीन शिक्षकों के अनूठे योगदान का जश्न मनाना और उन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और परिश्रम के माध्यम से न केवल स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है, बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है। इस अवसर पर द्वीपसमूह से पीएम श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मायाबंदर के शिक्षक जे. प्रकाश राव को सम्मानित किया गया। उन्होंने आकाशवाणी संवाददाता के साथ बातचीत में अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस क्षेत्र में और बेहतरीन कार्य करने की उम्मीद जताई।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, के केंद्रीय टीबी प्रभाग ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक डिजिटल पहल 'टीबी मुक्त भारत ऐप' लॉन्च किया है। टीबी मुक्त भारत ऐप एक सहज और सुलभ डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे टीबी से संबंधित जानकारियों और सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एप्लिकेशन उपचार मार्गदर्शन, दवा सेवन सहायता और फॉलो–अप सहायता प्रदान करके टीबी मरीजों की उनके इलाज के दौरान मदद करता है। मरीज– केंद्रित सेवाओं के निर्बाध वितरण को सुनिश्चित करने के लिए इसे 'निक्षय' जैसे मौजूदा प्रणालियों के साथ भी एकीकृत किया गया है। आम नागरिकों, संस्थानों, कॉरपोरेट्स और संगठनों को ऐप के ज़रिए निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण करने और टीबी मरीजों के इलाज के दौरान उन्हें पोषण संबंधी, सामाजिक या वित्तीय सहायता देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ऐप में 'खुशी – आपकी ई–संगिनी' नाम से एक इंटरैक्टिव चैटबॉट भी शामिल है, जिसे टीबी से जुड़ी तुरंत, विश्वसनीय और आसान जानकारी देने के लिए बनाया गया है। मंत्रालय ने आम जनता से टीबी मुक्त भारत ऐप डाउनलोड करने की अपील की है।

<><><><><><><>

कालीघाट थाना पुलिस ने हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक 20 वर्षीय महिला पर धारदार हथियार से हमला किया था, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रासंगिक साक्ष्य एकत्र किए। अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार और अन्य संबंधित वस्तुएं जब्त कर ली गई हैं। मामले की जांच कालीघाट थाने के थाना प्रभारी उप–निरीक्षक शिबेंद्र नाथ हलदर द्वारा की जा रही है।

<><><><><><><>